कार्यक्रम

श्योपुर और सिंगरौली के नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों का करेंगे लोकार्पण

# केंद्रीय मंत्री नड्डा करेंगे स्वास्थ्य सेवाओं का शुभारंभ

**जबलपुर।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज जबलपुर के नेताजी सुभाष चंद्र बोस सांस्कृतिक एवं सूचना केन्द्र में मध्यप्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देने वाले ऐतिहासिक निर्णयों और जनहितैषी पहल का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। कार्यक्रम में श्योपुर और सिंगरौली में नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों का लोकार्पण होगा। साथ ही धार, बैतूल, पन्ना और कटनी जिलों में पीपीपी मॉडल पर चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना के लिए अनुबंधों पर हस्ताक्षर होंगे। वरिष्ठ नागरिकों के लिए वय वंदना कार्ड वितरण, मातृ-शिशु सुरक्षा को सुदृढ़ करने वाली योजनाएँ और डिजिटल नवाचार के रूप में स्मार्ट चैटबॉट का शुभारंभ किया जाएगा। इन पहलों से प्रदेश में चिकित्सा अधोसंरचना, जन स्वास्थ्य सुरक्षा और तकनीक आधारित सेवाओं का व्यापक विस्तार होगा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, लोक स्वास्थ्य एवं



चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों को 8 लाख वय वंदना कार्ड वितरण का शुभारंभ किया जाएगा। ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है, जिसने आयुष्मान भारत योजना के लिए मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम के सहयोग से व्हाटसएप चैटबॉट आयुष्मान सखी विकसित किया है। इसके अतिरिक्त आशा कार्यकर्ताओं से संवाद कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी मजबूती को सुदृढ़ करने यूट्यूब चैनल आशाओं से सीधा संवाद का शुभारंभ भी किया जाएगा। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मातृ शिशु सुरक्षा कार्ड का वितरण भी किया जाएगा।

### दो दिवसीय प्रवास पर कब और कहां पहुंचेंगे नड्डा

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा दो दिवसीय प्रवास पर सोमवार 25 अगस्त को दोपहर 12 बजे विशेष विमान द्वारा नई दिल्ली से जबलपुर आएंगे। श्री नड्डा सोमवार की दोपहर 12.45 बजे रानीताल स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित क्षेत्रीय संगठनात्मक बैठक में शामिल होंगे। वे दोपहर 3.10 बजे घण्टाघर के समीप स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस कल्चरल एंड इनफार्मेशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री नड्डा शाम 5.30 बजे लोहिया पुल सिविल लाइन पचपेढ़ी में स्व. सुभाष चन्द्र बैनर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे तथा शाम 6.30 बजे उमघाट गौरीघाट में माँ नर्मदा का दर्शन करेंगे एवं महाआरती में शामिल होंगे। केंद्रीय मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा जबलपुर प्रवास के दूसरे दिन मंगलवार 26 अगस्त की दोपहर 3.30 बजे विशेष विमान से नई दिल्ली प्रस्थान करेंगे।

### कलेक्टर-एसपी ने कार्यक्रम स्थलों का लिया जायजा

कलेक्टर दीपक सक्सेना व पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने लोहिया पुल पचपेढ़ी स्थित स्व.सुभाष चन्द्र बैनर्जी की प्रतिमा स्थल, नेताजी सुभाषचंद्र बोस कल्चरल एंड इनफॉर्मेशन सेंटर और गौरीघाट का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कंट विधायक अशोक रोहाणी, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, दीपांकर बैनर्जी व नगर निगम कमिश्नर प्रीति यादव, अपर कलेक्टर मिशा सिंह सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### स्वागत के तैयारियों को लेकर भाजपा की बैठक



भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा के नगरागमन पर स्वागत की तैयारियों के लिए भाजपा संभागीय कार्यालय रानी ताल में बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि हमारे भाजपा के मुखिया आ रहे है, हमें आशीर्वाद देने आ रहे है तो पलक पांवड़े बिछाकर उनका स्वागत करना ही हमरा नैतिक कर्तव्य है। डुमना एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत होगा, तत्पश्चात डुमना से विभिन्न मार्गों से होते हुए भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल पहुंचेंगे। डुमना से रानीताल कार्यालय तक पुरे मार्ग में भाजपा द्वारा स्वागत मंच लगाए जायेंगे, जिस पर पुष्प वर्षा की जाएगी। श्री नड्डा भाजपा संभागीय कार्यालय में जबलपुर, रीवा, सागर एवं शहडोल, संभाग के प्रमुख जनों की बैठक को सम्बोधित करेंगे। बैठक को नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, लोकसभा सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अभिलाष पांडे, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल ने भी संबोधित किया।

## दफ्तरों के गलियारे

### ऐतिहासिक दिन की कसक बनकर रह गया आमंत्रण पत्र..

जबलपुर के इतिहास में फ्लाई ओवर ब्रिज की शुरूआत होने के साथ 23 अगस्त का दिन स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज तो हो गया लेकिन मुख्य कार्यक्रम ने सत्ताधारी भाजपा के ही एक विधायक व उसके समर्थकों को नाराज कर दिया। इतना ही नहीं आयोजन में कांग्रेस के एकलौते विधायक लखन घनघोरिया का नाम भी आमंत्रण कार्ड में नहीं छापा गया। जब शहर में आयोजन के एक दिन पहले विरोध के स्वर फूटे तो मुख्य कार्यक्रम में मंच से बोल रहे वक्ताओं ने तसल्ली के कांग्रेस विधायक लखन का नाम रस्मअदायगी के लिए पुकार दिया। फ्लाई ओवर ब्रिज के उद्घाटन का आमंत्रण पत्र शहर में काफी चर्चा का विषय रहा। मुख्य कार्यक्रम में कार्ड में नाम न होने के बाद भी विधायक अशोक रोहाणी मंच पर नजर आए लेकिन उनके चेहरे में वो खुशी नहीं थी जो कि इस ऐतिहासिक पल की साक्षी बनती। कार्यक्रम में पाटन विधायक अजय विश्नोई का शामिल न होना.. ने स्पष्ट संदेश दिया कि आमंत्रण कार्ड में उनकी अनदेखी उन्हें बहुत चुभी है। लिहाजा केंद्रीय मंत्री का स्वागत करने डुमना एयरपोर्ट पर पूर्व मंत्री व विधायक अजय विश्नोई पहुंच गए थे। उधर आमंत्रण कार्ड पर नाम लिखने वाले जिम्मेदारों ने ये कहकर पल्ला झाड़ लिया कि सब कुछ नेशनल हाईवे के अधिकारियों द्वारा तय किया गया है। जबकि जबलपुर में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के मार्गदर्शन में पूरा कार्यक्रम सुनिश्चित था। बहरहाल फ्लाई ओवर ब्रिज की सौगात शहरवासियों को तो मिल गई लेकिन आयोजित मुख्य लोकार्पण कार्यक्रम भाजपा और कांग्रेस के विधायक व उनके समर्थकों में एक कसक व गहरी छाप छोड़कर समाप्त हो गया है।

### अपनी ही जांच में खुद ना नप जाएं साहब

मूंग खरीदी में जिले के अंदर करोड़ों रुपए का घोटाला उजागर हुआ है। जिसके लिए कृषि विभाग द्वारा जांच की जा रही है। विदित कि उक्त जांच दल में कृषि विभाग के एक बड़े साहब भी शामिल है, जोकि पूर्व में भी गड़बड़ी करने वाले वेयरहाउस में पहुंचे थे। जहां उन्होंने मूंग- उड़द में कचरा मिलने और अमानक मूंग मिलने पर क्लीन चिट दे दी थी। लेकिन उस समय समिति द्वारा की जा रही फर्जी खरीदी से साहब अनजान थे या फिर अनजान बनने का नाटक कर रहे थे। वहीं जब यह घोटाला उजागर हुआ तो एक जांच दल बनाया गया, जिसमें उक्त साहब को भी जांच दल की कमान सौंपी गई है। अगर निष्पक्ष रूप से फर्जी मूंग खरीदी घोटाले की जांच होती है, तो उक्त साहब के ऊपर भी तलवार लटक सकती है। गौरतलब है कि केंद्र में पहले से गड़बड़ी सामने आ रही थी, लेकिन साहब निरीक्षण के वक्त केंद्र में समिति को क्लीन चिट देते गए। इसके अलावा साहब खरीदी के समय बार-बार मूंग खरीदी केंद्र के वेयरहाउस पहुंचे थे, लेकिन वेयरहाउस में चल रही खरीदी में हो रहे घोटाले को भांप नहीं पाए, या यूं कहें कि गड़बड़ी की बू आने पर साहब के मुंह पर पहले से ही कपड़ा रखवा दिया हो। अब देखना होगा कि जांच का ऊंट किस करवट बैठता है। फिलहाल चर्चा है कि जांच की आंच साहब तक भी पहुंच सकती है।

### बरसात में निकलती बाते..

अपने जबलपुर की सबसे बड़ी कोर्ट के विधि भवन के धरातल में लंबे समय से उम्र दराज वकीलों का कब्जा है। दूसरे वकीलों द्वारा इसे शेर की गुफा नाम से संबोधित किया जाता है। लेकिन जैसे ही बरसात का मौसम आता है, इस गुफा में पानी भर जाता है। जिसे टुल्लू पंप लगाकर बाहर निकालने की कवायद हर साल करनी पड़ती है। इस बार भी ऐसा ही किया गया, लेकिन इधर पानी निकाली, उधर इंद्रदेव ने फिर से गुफा लबालब कर दी। इस वजह से अब गुफा के सारे शेर निकलकर बाहर की तरफ आसन जमाने लगे हैं। खास बात यह है कि ये वकील महज वकालत तक की सीमित नहीं है। वकालत से इतर यह टीम सामाजिक सरोकारों को लेकर भी सजग रहती है। इसीलिए जो वाद विवाद संवाद भीतर सीक्रेट होता था, अब वह खुलकर बाहर हो रही है।

### डकैत काट गए नाक, दो श्रीमान बतियाने में व्यस्त

दो श्रीमान इन दिनों मोबाइल पर बतियाने में उस वक्त व्यस्त हैं जब इनके थानाक्षेत्र में जबलपुर के इतिहास में सबसे बड़ी डकैती पड़ी। डकैत 14 करोड़ का गोल्ड, 5 लाख नगद ले गए है। ये पुलिस की नाक काटने से कम नहीं हैं, डकैत चुनौती बने हुए हैं, मुखबिर तंत्र ध्वस्त हो चुका है, लेकिन दो श्रीमान को बतियाने से फुरस्त ही नहीं मिल रही है वे दिन रात मोबाइल में लगे हुए हैं इस बीच अगर कॉल हिस्ट्री में कई कॉल मिस्ट कॉल में बदल रहे है जिन्हें वे रिसीव नहीं करते जबकि न जाने कब कौन, कौन सी सूचना दे दें इससे भी श्रीमानों को फर्क नहीं पकड़ता। दोनों की चर्चाएं महकमें की गलियों में सरगर्म हैं। इस बतियाने कांड में एक मैडम तो दूसरे नए वाले साहब हैं। दोनों को श्रीमान इसलिए बोला गया है क्योंकि पुलिस महकमें में महिला पुलिस अधिकारी को भी श्रीमान, सर, जवान कहा जाता हैं। बहरहाल दोनों श्रीमान किससे बतिया रहे हैं ये तो वहीं जानें लेकिन उनके बतियाने की आदत से विभाग के दो कार्यालयों के स्टॉफ के बीच कानाफूंसी शुरू हो गई है कि इन्हें बतियाने से फुरस्त मिले तो डकैत पकड़े जाएं, लेकिन वो तो अपने ही खुसर-फुसुर में तल्लीन है।

विवेक दुबे, अमन पटेल, धनंजय श्रीवास्तव, अजहर खान

## झोलाछाप डॉक्टर पर कार्रवाई कर पेश करो रिपोर्ट: मानव अधिकार आयोग

**नवभारत, जबलपुर।** रामपुर स्थित दुर्गा नगर में बिना डिग्री के एलोपैथिक क्लीनिक चलाने वाले झोलाछाप डॉक्टर महेंद्र पांडे के मामले को मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने जनहित का मुद्दा मानकर संज्ञान में लिया है। मामले में आयोग ने जबलपुर के पुलिस अधीक्षक एवं सीएमएचओ से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही की विस्तृत रिपोर्ट और प्रतिवेदन एक माह में तलब किया है। जानकारी के अनुसार महेन्द्र पाण्डे नामक झोलाछाप डॉक्टर बगैर डिग्री के ही बिना रजिस्ट्रेशन व लाइसेंस के क्लीनिक संचालित कर रहा था और अनुसूची में एचएस व एक्स प्रतिबंधित दवाएं भी मरीजों को दिया करता था। जिससे मरीजों को जान का खतरा हो सकता था। प्रशासन के गरुण दल के छापे मे अनुसूची अनुसार क्रमश: 46, 536, और 16 प्रतिबंधित दवाएँ बरामद की गई, साथ ही उसके लैटर पेड पर लिखी डिग्रियां वह एक भी पेश नहीं कर पाया। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि मामले को जनहित में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग द्वारा अपनी मुख्य पीठ भोपाल में प्रकरण पर सुनवाई करते हुये, कार्यवाहक अध्यक्ष राजीव कुमार टण्डन ने प्रथम दृष्ट्या मानव अधिकारों के हनन का मामला माना है।

नर्रई नाला के समीप हुआ दर्दनाक हादसा

## कार से टकराई बाइक, दो की मौत

**जबलपुर।** बरगी थाना अंतर्गत नर्रई नाला के पास रविवार शाम एक तेज रफ्तार बाइक कार से पीछे से टकरा गई। हादसे में दो की मौत हो गई। वहीं कार चालक घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गया। बरगी नगर चौकी प्रभारी सरिता पटेल ने बताया कि रविवार को ओमकार बर्मन 30 वर्षीय निवासी नई बस्ती बरगी का मोटर सायकिल में अजय बर्मन के साथ समाधि रोड से जबलपुर तरफ जा रहा था वह जैसे ही शाम करीब पांच बजे नर्रई नाला के पास पहुंचे तभी कार से पीछे से उनकी बाइक टकरा गई। हादसे में ओमकार बर्मन, अजय बर्मन दोनों को हाथ, पैर, सिर में गंभीर चोटें आ गई। दोनों की मौत हो गई। हादसा किन परिस्थितियों में हुआ इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है। कार चालक मौके से फरार हो गया। कार चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाने से हादसा हुआ है या बाइक चालक अनियंत्रित होकर स्वयं ही कार से टकराये है इसका पुलिस पता लगाने में जुट गई हैं।

### ओमकार की मौके पर, अजय की रास्ते में मौत

हादसे में बाइक सवार ओमकार बर्मन पिता सुन्नी लाल बर्मन की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी जबकि अजय बर्मन पिता अन्नी लाल बर्मन गंभीर रूप से घायल था जिसे सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस से उपचार के लिए ले जा जाया था लेकिन उसने भी रास्ते में दम तोड़ दिया।

### परिजन रोते बिलखते रहे

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। जब हादसे की खबर मृतक के परिजनों को लगी तो वह भी मौके पर पहुंच गए और चीख पुकार मच गई परिजनों का रो-रोककर बुरा हाल रहा।

## ओएफके में हादसा: कर्मचारी झुलसा, अस्पताल में भर्ती

**जबलपुर।** आयुध निर्माणी खमरिया में कल हुए हादसे में एक कर्मचारी झुलस गया। जानकारी केमुताबिक ओएफके में कार्यरत संबिद मेहरा एफ-वन सेक्शन में शनिवार को दोपहर 11 बजे डेटोनेटर पर काम



कर रहा था। एक्सटेंशन मोल्ड से बारूद निकालने के दौरान फ्लैश होने से उसका हाथ झुलस गया। जिसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। कर्मचारी के दोनों हाथ झुलस गए है।






## 26 को कांग्रेस का जबलपुर में होगा जंगी प्रदर्शन

वोट बचाने की थीम पर प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में रैली

**नवभारत, जबलपुर।** 26 अगस्त मंगलवार को जबलपुर में कांग्रेस का भव्य प्रदर्शन होने जा रहा है। कांग्रेस द्वारा इस दिन रैली निकालकर सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस के जिम्मेदार नेता के जारी वीडियो के अनुसार 26 अगस्त को दोपहर 1 बजे संविधान बचाने, वोट बचाने के उद्देश्य से शहीद स्मारक गोलबाजार में कांग्रेसियों का हुजूम एकत्रित होगा। यहां से कांग्रेसियों



का समूह रैली के रूप में कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचेगा जहां विरोध दर्ज कराया जाएगा। खबर है कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी भी जबलपुर आकर विरोध प्रदर्शन में शामिल होंगें। इस प्रदर्शन के लिए शहर और ग्रामीण कांग्रेस कमेटी द्वारा तैयारियां शुरू कर दीं गईं हैं।

### कांग्रेस के और भी बड़े चेहरे हो सकते हैं शामिल!

साथ ही कांग्रेस के जबलपुर में प्रदर्शन को लेकर और भी बड़े चेहरों के शामिल होने का कयास लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार गांव, तहसील और जनपद से कांग्रेस के कार्यकर्ता, नेता रैली में शामिल होंगे। कांग्रेसियों ने आरोप लगाए हैं कि भाजपा ने वोट चोरी कर अपनी सरकार देश में बनाई है। पार्टी का साथ भारत निर्वाचन आयोग ने भी दिया है। इसलिए देश को जगाने, चुनाव आयोग को झकझोरने और सरकार की मनमानी पर अंकुश लगाने यह विरोध प्रदर्शन मप्र कांग्रेस कमेटी के द्वारा तय किया गया है।

## चलती कार के बोनट में भड़की आग



**नवभारत, जबलपुर।** रविवार को नगर निगम मुख्यालय के सामने उस वक्त हड़कंप मच गया जब चलती कार में अचानक आग भड़क उठी। आग लगते ही चालक ने वाहन तुरंत रोका और फिर सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे फायर अमले ने आग पर तुरंत काबू पा लिया। जिस वजह से एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जानकारी के अनुसार नगर निगम मुख्यालय के सामने से कार क्रमांक सीजी 07 बीसी 0559 के बोनट में अचानक आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने नवभारत को बताया कि आग लगते ही चालक ने कार रोकी और वह बाहर आ गया। जिसके बाद वहां मौजूद लोगों व फायर अमले ने आग पर काबू पा लिया। बताया जा रहा है जहां कार में आग लगी थी वहरं अन्य चार पहिया वाहन भी खड़े हुए थे। अगर समय पर आग पर काबू नहीं पाया जाता तो एक बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती थी। आग लगने की वजह कार के बोनट में शॉट सर्किट होना सामने आ रहा है।

## भारी बारिश का येलो अलर्ट

**जबलपुर।** सक्रिय मौसम प्रणालियों के असर से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। रविवार को सुबह से धूप, बादल की आंख मिचौली चली। बीच बीच में बूदांबांदी भी होती रही। मौसम विभाग ने चौबीस घंटे में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। चेतावनी दी है कि गरज चमक के साथ भारी वर्षा होने की संभावना है। मानसून सीजन में बारिश का आंकड़ा 968.7 मिमी 38.12 इंच पर पहुंच गया है। रविवार को अधिकतम तापमान 25.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से चार डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से एक डिग्री कम रहा। सुबह के वक्त आद्रता 97 और शाम को 88 प्रतिशत दर्ज की गई। मौसम विभाग की माने तो एक ऊपरी हवा का चक्रवातीय परिसंचरण उत्तर-पश्चिम मध्य प्रदेश और निकटवर्ती क्षेत्रो में माध्य समुद्र तल से 5.8 किमी की ऊंचाई पर सक्रिय है और ऊँचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर झुक रहा है। अगले 48 घंटों के दौरान ओडिशा-पश्चिम बंगाल के तटों से दूर उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में एक नया निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है।

### उप मुख्यमंत्री एवं मंत्री का आगमन आज

**जबलपुर।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल आज सुबह 11.30 बजे रीवा से कार द्वारा जबलपुर आएँगे। कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसके साथ ही



केंद्रीय सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार भी सोमवार सुबह 7.25 बजे नई दिल्ली से नई दिल्ली-जबलपुर एक्सप्रेस द्वारा जबलपुर आ रहे है। सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री यहाँ स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दोपहर 3.ऱ40 बजे वायुयान द्वारा नई दिल्ली प्रस्थान करेंगे।





















स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57